Hindi - April

सुरक्षित घर पहुँचें

काम पर स्वास्थ्य और सुरक्षा के अधिकार और ज़िम्मेदारियाँ

क्या आप भोजन वितरित करते हैं?

ऑस्ट्रेलिया में भोजन वितरित करने वाले **कामगार** होने के नाते आपको काम पर सुरक्षित रहने और सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है।

आप एक **कामगार** हैं यदि आप किसी प्लेटफ़ॉर्म (एप) के लिए काम करते हैं जो सामान/भोजन वितरित करने की सेवाएँ प्रदान करता है, और/या किसी भोजन विक्रेता (रेस्तराँ/दुकान) के लिए जिसका भोजन/पेय पदार्थ वितरित किए जाते हैं।

किसी बिज़नेस के कामगारों में कर्मचारी और कॉन्ट्रैक्टर (स्व-नियोजित कामगार) शामिल हैं।

प्लेटफ़ॉर्मों (एक एप के द्वारा) और भोजन विक्रेताओं (रेस्तराँओं/दुकानों) के लिए कामगारों के स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखना अनिवार्य है। इसका अर्थ है कि प्लेटफ़ॉर्म और भोजन विक्रेता को ख़तरों और ज़ोखिमों (ख़तरनाक परिस्थितियों) को, जो आपको नुक़सान पहुँचा सकते हैं, नियंत्रित करना होगा और अपनी सामर्थ्य के अनुसार वह सब करना होगा जो आपको और अन्य कामगारों को सुरक्षित रख सके।

एक कामगार होने के नाते आपको यह अनुरोध करने का अधिकार है कि काम पर स्वास्थ्य और सुरक्षा के मुद्दों के बारे में आपका प्रतिनिधित्व करने के लिए वे एक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रतिनिधि (एच एस आर) का चुनाव करवाएँ। अधिक जानकारी के लिए भोजन विक्रेता अथवा प्लेटफ़ॉर्म से बातचीत करें या अपने काम पर स्वास्थ्य और सुरक्षा नियंत्रक से आपका मार्गदर्शन करने के लिए कहें।

एक कामगार होने के नाते, आपकी भी यह ज़िम्मेदारी है कि आप अपने आप को और अपने आस-पास के लोगों को सुरक्षित रखें।

भोजन वितरित करने वाला कामगार होने के नाते, आपके अधिकार और ज़िम्मेदारियाँ, दोनों हैं, क्योंकि आप **एक ही समय पर, कामगार और कॉन्ट्रैक्टर (स्व-नियोजित कामगार), दोनों** हो सकते हैं।

यदि आप अपने भोजन वितरित करने के काम का प्रबंधन स्वयं करते हैं तो आप एक **स्व-नियोजित** कामगार हैं।

यदि आप एक कॉन्ट्रैक्टर (स्व-नियोजित कामगार) और कामगार हैं, तो प्लेटफ़ॉर्म और भोजन विक्रेता को आपको सुरक्षित रखना होगा, लेकिन आपकी भी एक साझी ज़िम्मेदारी है कि काम करते समय आप अपनी और अपने आस-पास के लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखें, जैसे पैदल चलने वाले। यह महत्त्वपूर्ण है कि आप, प्लेटफ़ॉर्म और भोजन विक्रेता, स्वास्थ्य और सुरक्षा के बारे में एक-दूसरे से बातचीत करें। इससे आपको यह समझने में सहायता मिलेगी कि सामान/भोजन वितरित करने वालों को किन-किन ख़तरनाक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, स्वास्थ्य और सुरक्षा के ख़तरों से किस तरह से निपटा जाएगा, इसके लिए किस प्रकार की कार्रवाइयाँ करनी होंगी और किसी ख़तरे से निपटने के लिए कौन उचित कार्रवाई कर सकता है।

स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी अपनी चिंताओं के बारे में आप अपने क्षेत्र के काम पर स्वास्थ्य और सुरक्षा नियंत्रक से भी संपर्क कर सकते हैं।

यह सामग्री काम पर स्वास्थ्य और सुरक्षा के बारे में आम जानकारी को बढ़ाने के लिए प्रदान की गई है और इसका उद्देश्य क़ानूनी सलाह देना नहीं है और न ही आपके राज्य या टैरिटरी के काम पर स्वास्थ्य और सुरक्षा क़ानूनों के अंतर्गत जो आवश्यकताएँ हैं, उनकी जगह लेना है।

सबसे महत्त्वपूर्ण पैकेज़ आप हैं, काम पर सुरक्षित रहने के बारे में जानकारी यहाँ से लें:
SWA.GOV.AU/DELIVERSAFELY

safe work australia